# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893


विज्ञापन संख्या : जे.सी.ई.सी.ई.बी. / 07 / 25–36 रॉची / दिनांक: 04 / 07 / 2025

**बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2025 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) एवं नामांकन हेतु आयोजित प्रथम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना**

पर्षद द्वारा दिनांक–11.05.2025 (रविवार) को आयोजित बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा –2025 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के परीक्षाफल, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) दिनांक–06.07.2025 से डाउनलोड कर सकते हैं।

2. परीक्षाफलों को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों का Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये हैं जिसे दिनांक–06.07.2025 से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षाओं के सारे सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–12.05.2025 को जारी करते हुए दिनांक–18.05.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक परीक्षार्थियों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। परीक्षार्थियों से प्राप्त सभी आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है एवं उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफल तैयार किया गया है।

3. उच्च शिक्षा निदेशालय का पत्रांक–02 / वि01–104 / 2017–167 (अनु0) दिनांक–28.01.2025 के आलोक में बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 पाठ्यक्रमों (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed. Course) के शैक्षणिक सत्र 2025–27 में नामांकन हेतु प्रथम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–07.07.2025 से आयोजित की जा रही है।

4. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति संस्थान में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के "Download"कॉलम में उपलब्ध है।

5. शैक्षणिक सत्र 2025–27 के लिये पाठ्यक्रमवार उपलब्ध सीटों की संस्थानवार / कोटिवार / कोटावार सीटों की विवरणी http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Download Column पर देखा जा सकता है।

**6. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान / संस्थानों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in B.Ed./M.Ed/B.P.Ed.-2025" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों**

के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

7. प्रथम चक्र ऑनलाईन सक्षात्कार कार्यक्रम की महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् है:–

- **Time-Schedule for 1st Round Online Counselling for (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed.)– 2025**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 07.07.2025 |
| 2. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 14.07.2025 |
| 3. | Editing in filled up Choices | 15.07.2025 to 16.07.2025 |
| 4. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 19.07.2025 |
| 5. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 20.07.2025 to 26.07.2025 |

**8. साक्षात्कार शुल्क**:– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Applicable Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all Categories | Rs. 250.00 |

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक